रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED NO. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 1] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 7, 1967 (पौष 17, 1888)

No. 1] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 7, 1967 (PAUSA 17, 1888)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

नोटिस

NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 16 नवम्बर 1966 तक प्रकाशित किये गये थे :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 16th November 1966 :—

अंक Issue No.	संख्या और तारीख No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
——NIL——			

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांगपत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांगपत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तारीख से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

भाग I—खण्ड 2

PART I—SECTION 2

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं

Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc., of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली-1, दिनांक 22 दिसम्बर 1966

सं० पी० एफ० 57(3)-ए० एन०-I—श्री आर० सुब्रामनियन, स्थायी सहायक मुख्य रिपोर्टर तथा स्थानापन्न मुख्य रिपोर्टर, को 5 दिसम्बर 1966 से स्थायी रूप से मुख्य रिपोर्टर नियुक्त किया जाता है।

दिनांक 23 दिसम्बर 1966

सं० पी० एफ० 75(3)-ए० एन०-I—अध्यक्ष महोदय, श्री बी० के० मुकर्जी, स्थायी अवर सचिव को, श्री एच० एन० त्रिवेदी, स्थायी उप-सचिव, के स्थान पर, जिन्हें श्री नागेश नारायण माल्या, संयुक्त सचिव, की छुट्टी-रिक्ति में स्थानापन्न रूप से संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है, 26 दिसम्बर 1966 (म० पू०) से स्थानापन्न रूप में उप-सचिव नियुक्त करते हैं।

सं० पी० एफ० 184(3)-ए० एन०-I—अध्यक्ष महोदय, श्री कान्ति देव चटर्जी, स्थायी अनुभाग अधिकारी को, श्री बी० के० मुकर्जी, स्थायी अवर सचिव, के स्थान पर, जिन्हें स्थानापन्न रूप से उप-सचिव नियुक्त किया गया है, 26 दिसम्बर 1966 (म० पू०) से स्थानापन्न रूप में अवर सचिव नियुक्त करते हैं।

सं० पी० एफ० 234(3)/ए० एन०-I—श्री बसन्त कुमार, स्थायी सहायक निर्देश अधिकारी को 19 दिसम्बर 1966 से आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप में निर्देश अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

सं० पी० एफ० 508(3)/ए० एन०-I—श्री ए० जे० दवे, स्थायी सहायक निर्देश अधिकारी तथा स्थानापन्न निर्देश अधिकारी, को 19 दिसम्बर 1966 से आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप में पुस्तकाध्यक्ष नियुक्त किया जाता है।

सं० पी० एफ० 555(3)-ए० एन०-I—अध्यक्ष महोदय, श्री एच० एन० त्रिवेदी, स्थायी उप-सचिव, को श्री नागेश नारायण माल्या, स्थायी संयुक्त सचिव, के स्थान पर, जिन्हें छुट्टी प्रदान की गई है, 26 दिसम्बर 1966 (म० पू०) से स्थानापन्न रूप में संयुक्त सचिव नियुक्त करते हैं।

दिनांक 24 दिसम्बर 1966

सं० एफ० 22/10/ए० एन०-1/66—निम्नलिखित स्थायी समिति सहायकों और स्थानापन्न अनुभाग अधिकारियों को उनके समक्ष उल्लिखित तिथि से स्थायी रूप में अनुभाग अधिकारी नियुक्त किया जाता है :—

1. श्री डी० डी० बागवाला	2-12-1966
2. श्री के० कल्याणम	3-12-1966
3. श्री पी० पी० सिंह	6-12-1966

दिनांक 29 दिसम्बर 1966

सं० पी० एफ० 243(3)-ए० एन० 1—श्री टी० रामन, स्थायी समिति सहायक को, श्री के० डी० चटर्जी, अनुभाग अधिकारी के स्थान पर, जिन्हें छुट्टी रिक्ति की शृंखला में स्थानापन्न अवर सचिव नियुक्त किया गया है, 26 दिसम्बर 1966 से स्थानापन्न रूप में अनुभाग अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

श्यामलाल शकधर, सचिव

योजना आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 19 दिसम्बर 1966

सं० एफ० 6(595)/66-प्रशासन-1—राष्ट्रपति, डा० पी० के० शर्मा को 14 दिसम्बर 1966 की पूर्वाह्न से आगामी आदेश मिलने तक योजना आयोग में निदेशक के अस्थायी पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं।

दिनांक 20 दिसम्बर 1966

सं० एफ० 6(476)/66-प्रशासन-1—डा० के० एम० लाल ने 21 नवम्बर 1966 (पूर्वाह्न) से योजना आयोग में सलाहकार (स्वास्थ्य) के पद का कार्यभार छोड़ दिया।

दिनांक 21 दिसम्बर 1966

सं० एफ० 24(72)/66-प्रशासन-1—योजना आयोग में सलाहकार (सिंचाई व बिजली) श्री बलवन्त सिंह नाग की सेवाएं 8 दिसम्बर 1966 से 23 दिसम्बर 1966 तक की अवधि के लिए एशिया तथा सुदूरपूर्व के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक आयोग, बैंकाक को सौंप दी गई हैं।

दिनांक 22 दिसम्बर 1966

सं० एफ० 6(359)/1-प्रशासन-1—श्री शिव शर्मा ने 15 दिसम्बर 1966 (अपराह्न) से योजना आयोग में अवैतनिक सलाहकार (देशी चिकित्सा प्रणाली) के पद का कार्यभार छोड़ दिया।

दिनांक 27 दिसम्बर 1966

सं० एफ० 24(72)/66-प्रशासन-1—एशिया तथा सुदूरपूर्व के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक आयोग में सेवा से प्रत्यावर्तन होने पर श्री बलवन्त सिंह नाग ने 24 दिसम्बर 1966 से योजना आयोग में सलाहकार (सिंचाई व बिजली) के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

के० सी० राधाकृष्णन, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 20 दिसम्बर 1966

सं० एफ० 6(44)/66-प्रशासन-1—श्री गुलजारीलाल नन्द ने 9 नवम्बर 1966 की अपराह्न से सदस्य, योजना आयोग के पद का कर्यभार छोड़ दिया।

जी० आर० कामत, सचिव

(योजना कार्य समिति)

नई दिल्ली, दिनांक 28 दिसम्बर 1966

सं० यो० का० स०/प्रशासन/1(5)/66—राष्ट्रपति श्री मोहन लाल प्रशासनिक अधिकारी योजना कार्य समिति को अस्थायी रूप में, 24 नवम्बर 1966 से अगले आदेश दिए जाने तक आदिम जाति विकास कार्यक्रम सम्बन्धी अध्ययन दल के अध्यक्ष के निजी सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं।

2. श्री मोहन लाल इसके अतिरिक्त अगले आदेश दिए जाने तक योजना कार्य समिति में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर काम करते रहेंगे।

ए० एम० के० स्वामी, अवर सचिव

विधि मंत्रालय

(विधायी विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 21 दिसम्बर 1966

सं० फा० 34(8)/65-प्रशा०-1 (वि० वि०)—राष्ट्रपति अपने प्रसाद से, विधि मंत्रालय विधायी विभाग में भारत सरकार के सहायक प्रारूपकार (अब सहायक विधायी परामर्शी के रूप में पुनः पदाभिहित) श्री एन० एल० वैद्यनाथन को जो युनाइटेड किंगडम में प्रशिक्षणार्थ प्रतिनियुक्ति पर थे, 7 जनवरी 1966 के पूर्वाह्न से लेकर आगे आदेश होने तक, उस विभाग में स्थानापन्न

उप-प्रारूपकार (अब उप-विधायी परामर्शी) के रूप में नियुक्त करत हैं।

2. युनाइटेड किंगडम में प्रशिक्षणार्थ प्रतिनियुक्ति से लौटने पर, श्री एन० एल० वैद्यनाथन ने 8 मार्च 1966 के पूर्वाह्न से विधि मंत्रालय, विधायी विभाग में भारत सरकार के उप-प्रारूपकार (अब उप-विधायी परामर्शी के रूप में पुनः पदाभिहित) के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

3. यह विधि मंत्रालय की अधिसूचना सं० फा० 34(8)/65-प्रशा०-1(वि० वि०) तारीख 1 जनवरी 1966 और फा० 36(6-क)/66-प्रशा०-1(वि० वि०) तारीख 15 मार्च 1966 को अतिष्ठित करती है।

ई० वेंकटेश्वरन, उप-सचिव

(विधि कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 23 दिसम्बर 1966

सं० फा० 13(53)/65-आ० क० अ० अ०—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 252 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत के राष्ट्रपति, अपने प्रसाद से, श्री जी० रंगस्वामी को 15 दिसम्बर 1966 के अपराह्न से लेकर आगे आदेश होने तक आयकर अपील अधिकरण में लेखापाल-सदस्य के रूप में नियुक्त करते हैं।

जी० ए० शाह, संयुक्त सचिव तथा विधि सलाहकार

समवाय विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 29 दिसम्बर, 1966

सं० पी० एफ० जी० (119)-सी० एल० ए०/66—श्री एच० के० गांगुली राजकीय समापक उच्च न्यायालय कलकत्ता को 37 दिन की 25 अक्तूबर 1966 से अर्जित छुट्टी प्रदान की गई थी। उन्हें अपनी छुट्टी के साथ 20, 21, 22, 23 और 24 अक्तूबर 1966 को छुट्टियों का जोड़ने की भी अनुमति दी गई थी।

समवाय अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 448 की उप-धारा (1) की क्लाज (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने श्री एच० के० गांगुली को 1 दिसम्बर 1966 से अगला आदेश होने तक राजकीय समापक, उच्च न्यायालय कलकत्ता के पद पर नियुक्त किया है जबकि श्री ए० जी० सिरसी को सहायक राजकीय समापक, कलकत्ता उच्च न्यायालय के पद पर निर्वतित किया गया है।

के० सी० चान्द, अवर सचिव

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली-11, दिनांक 22 दिसम्बर 1966

सं० 2/132/66-सी० सु०-I—राष्ट्रपति जी, भारतीय पुलिस सेवा, राजस्थान के अधिकारी श्री वी० जी० जयराम मुदालियार को 3 दिसम्बर 1966 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश जारी होने तक के लिए सीमा सुरक्षा सेवा के महानिदेशालय, नई दिल्ली में सहायक निदेशक के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

दिनांक 26 दिसम्बर 1966

सं० 7/3(एस०)/66-पुलिस-II—पदोन्नति प्राप्त करने पर भारत-तिब्बत सीमा सुरक्षा दल के डिपुटी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (कम्पनी कमांडर) श्री आर० के० मेहरा ने 26 नवम्बर 1966 के अपराह्न से कार्यभार त्याग दिया और केन्द्रीय रक्षित आरक्षी की अजमेर स्थित बटालियन 3 में असिस्टेंट कमांडेंट (ऐडजूटेंट) के पद का कार्यभार 5 दिसम्बर 1966 के पूर्वाह्न से सम्भाल लिया।

दिनांक 28 दिसम्बर 1966

सं० 7/2(एस०)/66-पुलिस-II—जब तक कि आगामी आदेश जारी न हो तब तक के लिये सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स ऐक्ट 1949 (1949 का 66वां) के भाग 4 (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा सर्वश्री कश्मीरा सिंह और कबीरमन सूबा को कम्पनी कमांडर्स के रूप में काम करने के लिये क्रमशः 25 नवम्बर 1966 और 29 नवम्बर 1966 से सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस में कम्पनी आफिसर नियुक्त करती है।

श्री कश्मीरा सिंह बटालियन 14, सैन्ट्रल रिजर्व पुलिस, अजमेर में और श्री कबीरामन सूबा बटालियन 2, सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस, नीमच में नियुक्त किये जाते हैं।

दिनांक 29 दिसम्बर, 1966

सं० 7/26/65-पुलिस-II—केन्द्रीय सरकार, केन्द्रीय रक्षित पुलिस अधिनियम, 1949 (1949 का 66वां) की धारा 4(1) द्वार प्राप्त प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय रक्षित पुलिस के सैकिंड लैफ्टिनेंट जोगेन्द्र बसनेत को 30 नवम्बर 1966 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश जारी होने तक के लिये कम्पनी कमांडर/क्वार्टर मास्टर की जगह पर काम करने के लिये कम्पनी अधिकारी के पद पर नियुक्त करती है।

वे बटालियन III, अजमेर में नियुक्त किये गये हैं।

दिनांक 30 दिसम्बर, 1966

सं० 7/5/66-पुलिस-II—स्थानान्तरण के पश्चात् श्री बी० चक्रावरती ने 1 दिसम्बर 1966 के पूर्वाह्न से बटालियन 4 केन्द्रीय रक्षित पुलिस मोकामेघाट में पुलिस उपाधीक्षक (कम्पनी कमान्डर) के पद का कार्यभार त्याग कर दिनांक 1 दिसम्बर, 1966 के पूर्वाह्न से बटालियन 11, केन्द्रीय रक्षित पुलिस मोकामेघाट में पुलिस उपाधिक्षक (क्वार्टर मास्टर) का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

सं० 7/5/66 पुलिस-II—स्थानान्तरण के पश्चात् श्री जे० एम० शर्मा ने 1 दिसम्बर 1966 के पूर्वाह्न से बटालियन 11 केन्द्रीय रक्षित पुलिस मोकामेघाट में पुलिस उपाधिक्षक (क्वार्टर मास्टर) के पद का कार्यभार त्याग कर दिनांक 1 दिसम्बर 1966 के पूर्वाह्न से बटालियन 4, केन्द्रीय रक्षित पुलिस मोकामेघाट में पुलिस उपाधिक्षक (कम्पनी कमान्डर) का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

सं० 7/5/66-पुलिस II—स्थानान्तरण के पश्चात् श्री के० एम० माथुर ने 30 नवम्बर 1966 के अपराह्न से बटालियन 5 केन्द्रीय रक्षित पुलिस भरतपुर में पुलिस उपाधीक्षक (कम्पनी कमान्डर) के पद का कार्यभार त्याग कर दिनांक 2 दिसम्बर

1966 के पूर्वाह्न से केन्द्रीय रक्षित कालेज, केन्द्रीय रक्षित पुलिस नीमच में पुलिस उपाधीक्षक (असिस्टेंट प्रिंसिपल) का कार्य-भार ग्रहण कर लिया ।

डी० एन० बरुआ, अवर सचिव ।

नई दिल्ली-11, दिनांक 24 दिसम्बर 1966

सं० एफ० 10/7/66-सी० एस० (आई०)-वोल० 3—औद्योगिक प्रबंध समुच्चय के स्थायी ग्रेड पांच के अधिकारी श्री एम० जे० ओझा को राष्ट्रपति जी उस समुच्चय के ग्रेड चार (रु० 1600–100–2000) में दिनांक 12-9-1965 से आगामी आदेश जारी होने तक स्थानापन्न रूप में नियुक्त करते हैं ।

सं० एफ० 10/7/66-सी० एस० (आई०)-वोल० 3—औद्योगिक प्रबंध समुच्चय के स्थायी ग्रेड पांच के अधिकारी श्री पी० के० बासु को राष्ट्रपति जी उस समुच्चय के ग्रेड चार (रु० 1600–100–2000) में दिनांक 10 अक्तूबर, 1966 से आगामी आदेश जारी होने तक स्थानापन्न रूप में नियुक्त करते हैं ।

दिनांक 27 दिसम्बर 1966

सं० एफ० 10/31/66-CS(I)—औद्योगिक प्रबंध समुच्चय के ग्रेड चार में स्थानापन्न रूप में नियुक्त किये गए अधिकारी श्री पी० के० लहरी को राष्ट्रपति जी 1-5-1966 से उस ग्रेड में मौलिक रूप से नियुक्त करते हैं ।

के० त्यागराजन, अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 24 दिसम्बर 1966

सं० 7/12/(एस०)/66-पी०-II—राष्ट्रपति जी भूतपूर्व लेफ्टीनेन्ट कर्नल श्री सुरेन्द्र सिंह को केन्द्रीय रक्षित पुलिस मोकमघाट की बटालियन 4 में 18 नवम्बर 1966 के पूर्वाह्न से कमान्डेन्ट के पद पर अस्थायी रूप से सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

टी० पी० इस्सर, उप-सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 24 दिसम्बर 1966

सं० 14/20/66-एस्ट० (ई०)—भारतीय सांख्यिकीय सेवा के ग्रेड III के स्थायी अधिकारी तथा केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन में उपनिदेशक श्री एस० बी० दास गुप्ता को 15-11-1966 (पूर्वाह्न) से 78 दिनों का अर्जित अवकाश निवृत्तिपूर्व अवकाश के रूप में दिया गया है अपनी निवृत्तिपूर्व अवकाश की समाप्ति पर वह दिनांक 1-2-1967 (पूर्वाह्न) से सरकारी सेवा से निवृत्ति ग्रहण करेंगे ।

दिनांक 30 दिसम्बर 1966

सं० 19/23/66-एस्ट० (ई०)—राष्ट्रपति जी, भारतीय अर्थ सेवा ग्रेड III के स्थायी अधिकारी श्री ए० के० भट्टाचार्य को 30 नवम्बर, 1966 (पूर्वाह्न) से अग्रिम आदेश जारी होने तक सेवा के ग्रेड II अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

पी० एस० वैन्कटेश्वरन, अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 24 दिसम्बर 1966

सं० 4/11/65-पुलिस-III—राष्ट्रपति, दिनांक 14 दिसम्बर, 1966 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश जारी होने तक के लिए श्री पी० के० चौधरी को गुप्तवार्ता विभाग, नई दिल्ली में अस्थायी रूप से सहर्ष तकनीकी अधिकारी नियुक्त करते हैं ।

दिनांक 26 दिसम्बर 1966

सं० 46/74/66-पु० IV—राष्ट्रपति जी, समन्वय निदेशालय (पुलिस वायरलैस), नई दिल्ली के अतिरिक्त सहायक निदेशक (अनुरक्षण) श्री के० एल० कश्यप को 7 नवम्बर, 1966 से 3 जनवरी 1967 तक (दोनों दिन शामिल हैं) श्री आर० के० आनन्द के स्थान पर जिनको अर्जित छुट्टी प्रदान की गई है । उसी कार्यालय में सहायक निदेशक (उपस्कर) के पद पर स्थानापन्न रूप से सहर्ष नियुक्त करते हैं । श्री कश्यप की नियुक्ति श्री आर० के० आनन्द की छुट्टी की अवधि में अपने कार्यभार के अतिरिक्त होगी ।

2. इससे गृह मंत्रालय अधिसूचना संख्या 46/74/66-पु० IV, दिनांक 9 नवम्बर 1966 रद्द की जाती है ।

दिनांक 27 दिसम्बर 1966

सं० 2/10/66-पुलिस-3—मेजर जे० एस० ठाकुर ने सेना को प्रत्यावर्तन होने के फलस्वरूप दिनांक 10 नवम्बर 1966 के अपराह्न से गुप्तवार्ता विभाग के मुख्यालय, नई दिल्ली में विशेष कर्त्तव्य पदाधिकारी के पद का कार्यभार त्याग दिया ।

जी० एल० बैलूर, अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 24 दिसम्बर 1966

सं० पी०/पी० (I)/एच०—गृह मंत्रालय की हिन्दी शिक्षण योजना के अधीन अमृतसर में नियुक्त अस्थायी हिन्दी अध्यापक श्री जी० एन० पाल को 17 दिसम्बर, 1966 के पूर्वाह्न से विशाखपट्टनम में अस्थायी सहायक सुपरवाईजर (श्रेणी II राजपत्रित) के रूप में नियुक्त किया जाता है ।

पृथ्वीनाथ कौल, उप-सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 27 दिसम्बर 1966

सं० 21/14/66/AIS (III)—मद्रास संवर्ग के पदोन्नति कोटा के आधार पर भारतीय पुलिस सेवा में निम्नलिखित अधिकारियों को राष्ट्रपति स्थायी पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं :—

1. श्री के० श्रीनिवासराई
2. श्री सी० थंगइयन
3. श्री डी० कृष्णण

अ० ना० बटाव्याल, अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 28 दिसम्बर 1966

सं० 211/3/66-ए० वी० डी० (II)—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सर्वेक्षण ब्यूरो के स्थानापन्न पुलिस सुपरिंटेन्डेन्ट श्री गुरुदास मल को केन्द्रीय सर्वेक्षण ब्यूरो में 15 सितम्बर, 1964 से पुलिस सुपरिन्टेन्डेन्ट के पद पर स्थायी रूप से सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

दिनांक 30 दिसम्बर, 1966

सं० 202/52/66-ए०वी०डी० (II)—राष्ट्रपति जी 24 नवम्बर, 1966 के पूर्वाह्न से राजस्थान राज्य को प्रत्यर्वातित श्री डब्लू० जी० जे० मुडालियार के स्थान पर राजस्थान संवर्ग से प्रति-नियुक्त अधिकारी श्री एम० के० सक्सैना, आई० पी० एस० को सहर्ष केन्द्रीय जांच ब्यूरो ई० ओ० डब्लू, नई दिल्ली में उसी तिथि से पुलिस अधीक्षक नियुक्त करते हैं।

एन० श्रीनिवासन, अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 28 दिसम्बर 1966

सं० 4/11/66-DH(S)—दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और अंडेमान और निकोबार द्वीप प्रशासन सेवा के निम्नलिखित परि-वीक्षाधीनों की सेवाएं उन्हें प्रशिक्षण देने के लिये, 21 नवम्बर 1966 की पूर्वाह्न से अगले आदेश जारी होने तक उपायुक्त, दिल्ली को सौंप दी जाती है :

1. श्री राज मनी
2. श्री बी० के० भटनागर
3. श्री जी० के० डिकशिक
4. श्री ए० एस० अवसथि
5. कुमारी सावित्री देवी सैनी
6. श्री अशोक बक्शी
7. श्री एस० पदमानभिया
8. श्री एम० सी० पदम
9. श्री वजीर चन्द कुमरा

ए० एफ० कुटो, उप-सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 28 दिसम्बर 1966

सं० 150/27/66-Ad.I(B)—राष्ट्रपति, गृह मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा केडर के सहायक ग्रेड के निम्नलिखित स्थायी अधिकारियों को उनके सामने दी गई तिथियों से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अनुभाग अधिकारियों के रूप में नियुक्त करते हैं :—

1. श्री आर० पी० डैंग	12-12-1966
2. श्री बी० एस० सहगल	14-12-1966
3. श्री एच० जे० अडवानी	14-12-1966
4. श्री आर० आर० पुरी	14-12-1966
5. श्री आर० महादेवन	16-12-1966 (उप० से)
6. श्री एन० एस० सनकरम	16-12-1966 (उप० से)

राष्ट्रपति सर्वश्री बी० एस० सहगल, एच० जे० अडवानी और आर० आर० पुरी को उपरोक्त तिथियों से गृह मंत्रालय में अनुभाग अधिकारी के पद पर नियुक्त करते हैं।

एस० नटराजन, अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 28 दिसम्बर 1966

सं० 13/1/66-AIS(2)—श्री आर० पी० कपूर, आई० सी० एस० को भारतीय सिविल सेवा से प्रिमैच्योर रिटायरमेन्ट रूल्स के अन्तर्गत पहली जनवरी 1967 से अवकाश प्राप्त करने की अनुमति राष्ट्रपति सहर्ष प्रदान करते हैं।

दिलीप कुमार गुह, उप-सचिव

स्थापना अधिकारी का कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक 23 दिसम्बर 1966

सं० 3 (5)-ई० ओ०/66—राष्ट्रपति जी, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के श्रम व रोजगार मन्त्रालय संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री एन० कृष्णामचारी को उस सेवा के ग्रेड I में 1-12-1966 से 19-1-1967 तक स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

दिनांक 29 दिसम्बर 1966

सं० 6(15)-ई०ओ०/66—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा के गृह मंत्रालय संवर्ग के निम्नलिखित स्थायी अनुभाग अधिकारियों को उनके सामने अंकित समय के लिये उस सेवा के ग्रेड I में स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं :—

श्री एल० डी० हिन्दी	12-12-1966 से 13-1-1967
श्री पूरन सिंह	23-11-1966 से 30-11-1966 और 1-12-1966 (अपराह्न) से 13-1-67
श्री पी० एस० वेन्कटेस्वरन्	26-12-1966 से 13-1-1967

सं० 9(17)ई०ओ०/66—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री डी० कृष्णामूर्ति (कृषि विभाग) को उस सेवा के ग्रेड 1 में दिनांक 1-12-1966 से 31-12-1966 तक स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 4(12)-ई०ओ०/66—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री एस० एन० दत्त (शिक्षा मंत्रालय) को उस सेवा के ग्रेड 1 में दिनांक 11-11-1966 से 19-11-1966 तक और दिनांक 21-11-1966 से 34 दिन के लिये लिए नियुक्त करते हैं।

सं० 5(2)-ई०ओ०/66—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा के खाद्य व कृषि मंत्रालय संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री आर० एन० सक्सेना को उस सेवा के ग्रेड 1 में दिनांक 26-11-1966 (अपराह्न) से अग्र आदेश पर्यन्त स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 5(9)/ई०ओ०/66—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा के स्वास्थ्य मन्त्रालय संवर्ग के निम्नलिखित स्थायी अनुभाग अधिकारियों को उनके सामने अंकित समय के लिए उस सेवा के ग्रेड 1 में स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं :

श्री पी० सी० अरोरा	21-10-1966 से 31-12-1966
श्री रमेश बहादुर	26-11-1966 से 13-1-1967

सं० 18(2)ई०ओ०/66—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा के वित्त मन्त्रालय संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री एन० एस० चन्द्रमौलेस्वरन् को उस सेवा के ग्रेड 1 में दिनांक 21-11-1966 से 24-12-1966 तक स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 26(1)-ई०ओ०/66—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री एस० के० मुखर्जी (समाज कल्याण विभाग) को उस सेवा के ग्रेड 1 में दिनांक 5-12-1966 से 7-1-1967 तक स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 12(3)-ई०ओ०/66—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा ग्रेड 1 (एक) के स्थायी अधिकारी श्री ए० पी० दूबे (रक्षा मंत्रालय) को उस सेवा के सलैक्शन ग्रेड में दिनांक 22-11-1966 से 21-12-1966 तक स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 5(9)ई०ओ०/66—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा के स्वास्थ्य मंत्रालय संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री आर० एन० सिन्हा को उस सेवा के ग्रेड 1 में दिनांक 18-10-1966 से 60 दिन के लिए स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 12(4)/ई०ओ०/66—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा ग्रेड 1(एक) के स्थायी अनुभाग अधिकारी सर्वश्री के० सी० बोस व के० राजागोपालन् (रक्षा मंत्रालय) के उस सेवा के सलैक्शन ग्रेड में दिनांक 4-11-1966 से 10-11-1966 तक स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 20(17)-ई०ओ०/66—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा ग्रेड 1(एक) के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री जी० के० डोगरा (सिंचाई व बिजली मन्त्रालय) को उस सेवा के सलैक्शन ग्रेड में दिनांक 21-12-1966 से अन्य आदेश पर्यन्त स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 29 (1)-ई०ओ०/66—पंजाब राज्य में कार्यकारी प्रशिक्षण पूरा करने के बाद परिवहन विभाग के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री वी० एन० शर्मा की सेवाएं 13-12-1966 से परिवहन विभाग को सौंपा जाती हैं।

श्री चन्द्र प्रकाश गुप्त, संयुक्त सचिव

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 2 दिसम्बर 1966

सं० 75/पी० ए०/66—पूर्व विदेश मंत्री के निजी अमले के निम्नलिखित कर्मचारियों की सेवाएं 14 नवम्बर 1966 को दोपहर-पूर्व से रक्षा मंत्रालय को सौंप दी गईं :—

1. श्री जैड० एस० बैंज	निजी सचिव
2. श्री एच० आर० चोपड़ा	अतिरिक्त निजी सचिव
3. श्री एम० वी० रमन	प्रथम निजी सहायक
4. श्री के० डी० भटनागर	प्रथम निजी सहायक
5. श्री वी० के० सोनी	अनुभाग अधिकारी

2. उपर्युक्त कर्मचारियों ने 14 नवम्बर 1966 को दोपहर-पूर्व से इस मंत्रालय में अपने-अपने पदों का कार्यभार छोड़ दिया।

एम० एल० सूरी, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 22 दिसम्बर 1966

सं० 500 पी०/ए०/66—राष्ट्रपति, भारतीय विदेश सेवा के वर्ग II के अधिकारी, श्री खूब चन्द को 13 सितम्बर 1966 को दोपहर-पूर्व से भारतीय विदेश सेवा के वर्ग I में काम करने के लिए नियुक्त करते हैं।

सं० क्यू०/पी०ए०/66-10 (45)/66—इस मंत्रालय के मुख्यालय के लिए अवकाश एवं स्थानांतरण पर जाते समय, श्री आर० जयपाल ने 14 नवम्बर 1966 को दोपहर-बाद से मास्को-स्थित भारतीय राजदूतावास में मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया।

सं० 507-पी० ए०/66—नियुक्ति के समाप्त होने पर, श्री ए० एम० इंजीनियर ने 6 दिसम्बर 1966 को दोपहर-बाद से तेहरान में भारतीय राजदूत के पद का कार्यभार छोड़ दिया।

सं० 509-पी० ए०/66—भारतीय विदेश सेवा के वर्ग V में पदोन्नति होने पर, श्री डी० एस० कमतेकर ने 13-6-1966(दोपहर-पूर्व) को ब्लेनटायर में भारतीय विदेश सेवा के प्रवर वेतन क्रम में कार्यवाहक हाई कमिश्नर के पद का कार्यभार छोड़ दिया और भारतीय विदेश सेवा के वर्ग V में उसी पद पर उसी दिन अर्थात् 13-6-1966 (दोपहर-पूर्व) को कार्यभार संभाल लिया।

मनोरमा भल्ला, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 22 दिसम्बर 1966

सं० 63 पी० टी०-II/66—भारत के राष्ट्रपति 16-6-1966 से बम्बई में स्वीडन के अवैतनिक प्रधान कौंसल के रूप में श्री जे० ओ० गुथे की नियुक्ति को अस्थायी तौर पर मान्यता प्रदान करते हैं।

बी० ए० राजागोपालन, उप समाचार प्रमुख

वित्त मन्त्रालय

राजस्व तथा बीमा विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 5 दिसम्बर 1966

(प्रधान कार्यालय संस्थापन)

सं० 73—राष्ट्रपति जी ने वित्त मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग के स्थायी ग्रेड-II (संविलीन) तथा अर्थ विभाग में कार्य कर रहे आशुलिपिक श्री आई० एस० कोहली को राजस्व तथा बीमा विभाग में निम्नलिखित अल्प अवधियों के लिये केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा में स्थानापन्न ग्रेड-I (निजी सचिव) नियुक्त किया है :—

	से	तक
(1)	25-1-1966	20-2-1966
(2)	2-4-1966	3-4-1966

सरूप सिंह, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 22 दिसम्बर 1966

(सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय शुल्क संस्थापन)

सं० 163—मद्रास सीमा शुल्क गृह के सीमा शुल्क के सहायक समाहर्ता, श्री टी० पी० एस० आयर को 21 नवम्बर, 1966 से 120 दिन के लिए सेवा निवृत्तिपूर्व अर्जित छुट्टी मंजूर की गई है।

उन्हें अपनी छुट्टी में 20 नवम्बर 1966 का रविवार शामिल करने की अनुमति दी गई है। उनको उसके बाद सेवा से निवृत्त होने की अनुमति भी दी गई है।

सं० 165—केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्ता-कार्यालय, हैदराबाद में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के अधीक्षक, श्रेणी-1, श्री जी० के० मेहरोत्रा ने 29 नवम्बर, 1966 के दोपहर पूर्व से श्री बी० आर० सोनाल्कर के स्थान पर, जिनका स्थानांतरण हो गया है, उक्त समाहर्ता-कार्यालय में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के सहायक समाहर्ता (सतर्कता) का कार्यभार संभाल लिया है।

सं० 166—कलकत्ता तथा उड़ीसा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्ता-कार्यालय कलकत्ता से स्थानान्तरित होने पर, श्री सी० के० देसाई, सहायक समाहर्ता ने 24 नवम्बर, 1966 के दोपहर पूर्व से केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्ता-कार्यालय, बड़ौदा में नव-निर्मित पद पर केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के सहायक समाहर्ता, वीरम-गांव का कार्यभार संभाल लिया।

सं० 171—परिवीक्षा की अवधि को सफलता पूर्वक समाप्त करने पर, भारतीय सीमाशुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के अफसर श्री बी० पी० वर्मा ने 31 अक्तूबर 1966 के दोपहरपूर्व से तथा अगला आदेश होने तक कलकत्ता तथा उड़ीसा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के समाहर्ता-कार्यालय में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के अधीक्षक, श्रेणी-1, का कार्यभार संभाल लिया है।

टी० रामस्वामी, अवर सचिव

(अर्थ विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 9 दिसम्बर 1966

सं० एफ० 4(3)-ऐडमिनिस्ट्रेशन II/66—राष्ट्रपति ने प्रसन्नतापूर्वक वित्त मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के सहायक पदक्रम के निम्नलिखित स्थायी अधिकारियों को उनके नाम के आगे लिखी अवधि के लिए अर्थ विभाग में स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी नियुक्त किया है :—

क्रम संख्या	अधिकारी का नाम	अनुभाग-अधिकारी के रूप में नियुक्ति की अवधि
1.	श्री प्रीतम सिंह	1-12-1966 से 11-12-1966 तक
2.	श्री ए० एन० शर्मा	1-12-1966 से 31-12-1966 तक

दिनांक 22 दिसम्बर 1966

स० पी० एफ० जी० (382)-ऐडमिनिस्ट्रेशन I/65—राष्ट्रपति ने, प्रसन्नतापूर्वक केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के पदक्रम-II के स्थायी अधिकारी श्री आई० एस० कोहली को 1 दिसम्बर, 1966 के पूर्वाह्न से 31 दिसम्बर, 1966 तक की अतिरिक्त अवधि के लिए वित्त मंत्रालय, अर्थ विभाग में केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के पदक्रम-I का स्थानापन्न निजी सचिव नियुक्त किया है।

एन० परशुरामन, अनुसचिव

नई दिल्ली, दिनांक 23 दिसम्बर, 1966

सं एफ० 4(3)-एडमिनिस्ट्रेशन II/66—राष्ट्रपति ने प्रसन्नतापूर्वक वित्त मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के स्थायी सहायक श्री आर० सुब्रह्मण्यन को 11 दिसम्बर, 1966 से 31 दिसम्बर, 1966 तक की अवधि के लिये (जिसमें ये दोनों दिन शामिल हैं) इसी मंत्रालय के अर्थ विभाग में स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी नियुक्त किया है।

एस० एन० माथुर, अवर सचिव

परमाणु ऊर्जा विभाग

बम्बई-1, दिनांक 25 नवम्बर, 1966

सं० 1/5/66-टी० ई०—राष्ट्रपति जी प्रसन्नतापूर्वक इस विभाग की परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे, बम्बई के अस्थायी विज्ञान सहायक (सी) सर्वश्री अैयास्वामी रामानुजम और राजकुमार सिंह को 1 अगस्त 1966 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक उसी संस्थान में अस्थायी रूप से विज्ञान अधिकारी/इंजीनियर-ग्रेड एस० सी० 1 नियुक्त करते हैं।

दिनांक 5 दिसम्बर 1966

सं० 1/4/66-टी० ई०—राष्ट्रपति जी, प्रसन्नतापूर्वक डा० चित्तरंजन भाटिया को 29 नवम्बर 1966 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक इस विभाग की परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे, में अस्थायी रूप से विज्ञान अधिकारी इंजीनियर ग्रेड एस० डी० 2 नियुक्त करते हैं।

दिनांक 17 दिसम्बर, 1966

सं० 1/5/66-टी० ई०—राष्ट्रपति जी प्रसन्नतापूर्वक परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे के निम्नलिखित विज्ञान अधिकारी इंजीनियरों-ग्रेड एस० सी० 1 को 1 अगस्त 1966 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक उसी संस्थान में अस्थायी विज्ञान अधिकारी इंजीनियर-ग्रेड एस० सी० 1 नियुक्त करते हैं :—

क्रम संख्या	नाम
1.	श्री कोयम्बटूर शामराव नारायणस्वामी
2.	श्री सदानन्द विनायक सहाने

दिनांक 20 दिसम्बर, 1966

सं० 1/5/66-टी० ई०—राष्ट्रपति जी प्रसन्नतापूर्वक इस विभाग की परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे, के अस्थायी वैज्ञानिक सहायक (सी), श्री नेपाल चन्द्र पाल को 1 अगस्त, 1966 के पूर्वाह्न से आगमी आदेश तक उसी संस्थान में अस्थायी रूप से विज्ञान अधिकारी इंजीनियर-ग्रेड एस० सी०-1, नियुक्त करते हैं।

सं० 1/5/(II)/66-टी० ई०—राष्ट्रपति जी, प्रसन्नतापूर्वक इस विभाग की परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे के अस्थायी विज्ञान अधिकारी इंजीनियर-ग्रेड एस० सी० 2, श्री गोपाल वैंकटरमन को 1 अगस्त 1966 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक उसी संस्थान में अस्थायी रूप से विज्ञान अधिकारी इंजीनियर ग्रेड एस० डी० 2, नियुक्त करते हैं ।

वी० जी० ठाकुर, अवर सचिव

बम्बई-1, दिनांक 13 दिसम्बर 1966

सं० 29(12)/64-पी० पी०—राष्ट्रपति जी प्रसन्नतापूर्वक निम्नलिखित व्यक्तियों को इस विभाग की राजस्थान परमाणु विद्युत प्रायोजना में उनमें से प्रत्येक के नाम के सामने दिए हुए पद पर साथ दी हुई तिथि से आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से नियुक्त करते हैं :—

क्रम संख्या	नाम	पद	नियुक्ति की तिथि
1.	श्री डी० एल० गुप्ता	विज्ञान अधिकारी इंजीनियर ग्रेड एस० डी० 2	21-11-66 पूर्वाह्न
2.	श्री एम०एन० चौधरी	विज्ञान अधिकारी इंजीनियर ग्रेड एस० डी० 2	29-11-66 पूर्वाह्न
3.	श्री आई० टी० भूटानी	विज्ञान अधिकारी इंजीनियर ग्रेड एस० सी० 2	31-10-66 पूर्वाह्न
4.	श्री टी० सी० गर्ग	विज्ञान अधिकारी इंजीनियर ग्रेड एस० सी० 2	1-11-66 पूर्वाह्न
5.	श्री ई० ऐस० जोहन	विज्ञान अधिकारी इंजीनियर ग्रेड एस० सी० 2	18-11-66 अपराह्न
6.	श्री सी० ऐम० कोठारी	विज्ञान अधिकारी इंजीनियर ग्रेड एस० सी० 2	1-12-66 पूर्वाह्न

जी० एल० गर्ग, अवर सचिव

बम्बई-1, दिनांक 31 अक्तूबर 1966

सं० आर०/348/ऐस्ट/XI/इलैक/485—राष्ट्रपति जी, शोक पूर्वक घोषणा करते हैं कि परमाणु ऊर्जा संस्थाम ट्राम्बे के अस्थायी विज्ञान अधिकारी एस० सी० 1 श्री तल्ल नारायण रेड्डी का 30 अगस्त, 1966 को देहान्त हो गया ।

दिनांक 30 नवम्बर 1966

सं० एम० 678/इलैक /ऐस्ट XI/892—राष्ट्रपति जी, परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे के अस्थायी विज्ञान अधिकारी (एस० सी० 2) श्री आर० के० वाखलू का त्यागपत्र 7 सितम्बर, 1966 के पूर्वाह्न से स्वीकार करते हैं ।

सं० एच० 99/इलैक/ऐस्ट XI 875—राष्ट्रपति जी, परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे, के अस्थायी विज्ञान अधिकारी (एस० सी० 2) श्री ए० के० हुसींजा का त्यागपत्र 1 सितम्बर, 1966 के अपराह्न से स्वीकार करते हैं ।

दिनांक 7 दिसम्बर 1966

सं० आर०/432/आर० सी० डी०/ऐस्ट XI 984—राष्ट्रपति जी, परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे, के अस्थायी विज्ञान अधिकारी, (एस० सी० 2), श्री एम० राजगोपालन का त्यागपत्र 2 जुलाई 1966 के अपराह्न से स्वीकार करते हैं ।

सं० जे/472/मैट/ऐस्ट VI—राष्ट्रपति जी परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे के अस्थायी इंजीनियर-ग्रेड एस०सी० 2, श्री कैलाश चन्द्र जैन का त्यागपत्र 3 अक्तूबर 1966 के अपराह्न से स्वीकार करते हैं ।

परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे

दिनांक 5 नवम्बर 1966

सं० आर०/63/सी० डब्ल्यू ऐस०/ऐस्ट X—राष्ट्रपति जी, परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे, बम्बई के अस्थायी विज्ञान अधिकारी (एस० सी० 2), श्री आर० रामामृतम् का त्यागपत्र 2 सितम्बर, 1966 के अपराह्न से स्वीकार करते हैं । श्री रामामृतम् ने 1 सितम्बर, 1966 के अपराह्न से अपने पद का कार्यभार छोड़ दिया तथा उन्हें 2 सितम्बर 1966 को एक दिन की अर्जित (अंतिम) छुट्टी प्रदान की गई ।

ई० सी० अलारडिस,
नियंत्रक तथा पदेन संयुक्त सचिव

वाणिज्य मन्त्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 दिसम्बर 1966

सं० 27(9)-टी० एम० पी० कामर्स जनरल/6-65—राष्ट्रपति, वायदा बाजार आयोग, बम्बई के सहायक सचिव श्री पी० जी० होनावर को श्री डी० आर० पेंडसे के स्थान पर वायदा बाजार आयोग में 5 नवम्बर, 1966 से अगले आदेशों तक के लिये दीर्घ-कालीन आधार पर निरीक्षण अधिकारी के पद पर स्थानापन्न रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

एम० एल० गुप्त, अवर सचिव

उद्योग मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 14 दिसम्बर 1966

सं० 6(3) पी० पी० एण्ड डी०/66—श्री निखिलेश बिश्वास को पेटेण्ट कार्यालय, कलकत्ता में 1 अक्तूबर, 1966 के पूर्वाह्न से स्थानापन्न रूप में पेटेण्ट तथा डिजाइन परीक्षक नियुक्त किया जाता है ।

हरगुनदास, कूले संयुक्त सचिव

पूर्ति, तकनीकी विकास और सामग्री नियोजन मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 24 दिसम्बर 1966

सं० 29/100/65-सिब्बंदी-III—राष्ट्रपति, श्री चेतन देव आनन्द को तकनीकी विकास महानिदेशालय में 1 दिसम्बर, 1966 से आगामी आदेश तक अस्थायी हैसियत में विकास अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

सं० एफ०-30/59/66-सिब्बंदी—राष्ट्रपति, तकनीकी विकास महानिदेशालय के विकास-अधिकारी, श्री एस० रामास्वामी को उसी महानिदेशालय में 1 दिसम्बर, 1966 से आगामी आदेश तक विशेष-कार्य-अधिकारी (कृषि-आधारित खाद्य निर्माण उद्योग) के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

दिनांक 26 दिसम्बर 1966

सं० एफ० 29/143/65-सिब्बंदी—रेलवे मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) में नियुक्ति का प्रस्ताव प्राप्त होने पर श्री पी० सी० गुप्ता ने 5 दिसम्बर, 1966 के अपराह्न को तकनीकी विकास महानिदेशालय में सहायक विकास अधिकारी के पद का कार्य-भार छोड़ दिया ।

दिनांक 29 दिसम्बर 1966

सं० एफ० 29/21/66-सिब्बंदी-III—राष्ट्रपति, सर्वश्री एम० एम० बाडी और एस० के० सिन्हा के छुट्टी चले जाने पर, उनके स्थान पर, श्री एफ० वी० बादामी को उसी महानिदेशालय में 14 दिसम्बर, 1966 से अधिक से अधिक 30 दिन तक की अवधि के लिए, स्थानापन्न औद्योगिक सलाहकार (इंजीनियरी) के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

के० एस० आर० मूर्ति, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 26 दिसम्बर 1966

सं० 12/4/61-सिब्बन्दी-I—पूर्ति और निपटान महानिदेशालय, नई दिल्ली के सहायक निदेशक (ग्रेड I) श्री एस० चटर्जी ने जो हिन्दुस्तान स्टील लिमिटिड में इतर सेवा पर प्रतिनियुक्त थे, सेवा से निवृत्त हो जाने पर 3 अक्तूबर 1966 को दुर्गापुर स्टील प्लांट, दुर्गापुर में वरिष्ठ क्रय-अधिकारी के पद का कार्यभार छोड़ दिया और 120 दिन की अस्वीकृत छुट्टी पर चले गए ।

दिनांक दिसम्बर, 1966

सं० 9/36/64-सिब्बंदी II—सरकारी सेवा से त्यागपत्र स्वीकार कर लिए जाने पर निरीक्षण-अधिकारी, श्री डी० के० मूर्ति ने निरीक्षण-निदेशक, कलकत्ता के कार्यालय में, राउरकेला में, 30 नवम्बर, 1966 के अपराह्न को अपना कार्य-भार छोड़ दिया ।

ए० के० अग्रवाल, अवर सचिव

खाद्य, कृषि, सामदायिक विकास एंव सहकारिता मंत्रालय
(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 27 दिसम्बर 1966

सं० 21-361/66-इंस्टीट्यूट (1)—श्री आर० एन० तिवारी, वरिष्ठ अनुसंधान सहायक, केन्द्रीय तरकारी प्रजनन केन्द्र, कट्टाइन, को उसी केन्द्र पर सहायक तरकारी विशेषज्ञ के पद पर 23 नवम्बर, 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक नियुक्त किया गया ।

जे० एस० उप्पल, अवर सचिव

खाद्य विभाग

नई दिल्ली-1, दिनांक 29 दिसम्बर 1966

सं० 1-5/66-शर्करा—श्री ए० के० बोस ने दीवान शुगर मिल्स, पिपराइच (जिला गोरखपुर) की बाह्य सेवा की वापसी पर शर्करा व वनस्पति निदेशालय में पुनः तकनीकी अधिकारी के पद का कार्यभार 14 नवम्बर, 1966 (पूर्वाह्न) से सम्भाल लिया ।

2. श्री देवेन्द्र कुमार तकनीकी अधिकारी निदेशालय में उसी दिनांक से कनिष्ट तकनीकी अधिकारी (शर्करा तकनीकी) के पद पर परावर्तन हो गए ।

दिनांक 30 दिसम्बर, 1966

सं० 1-51/66-शर्करा—श्री देवेन्द्र कुमार, जूनियर टेक्निकल अधिकारी शर्करा तथा वनस्पति निदेशालय की सेवाएं अस्थाई रूप से 9 दिसम्बर, 1966 के अपराह्न से अगले आदेश तक मोहिनी शुगर मिल्स, लिमिटेड बरिसालिगंज जिला गया (बिहार) को उन्हें चीफ कैमिस्ट के पद पर नियुक्ति के लिए सौंप दी गई है ।

सं० 3-153/66 शर्करा—श्री जी० आर० अथावले, आचार्य शर्करा इंजीनियरी राष्ट्रीय शर्करा संस्था कानपुर, अपनी सेवा निवृत्ति-पूर्व की छुट्टी के समाप्त होने पर 3 दिसम्बर, 1966 के अपराह्न से सेवा निवृत हो गये ।

प्रताप सिंह, अवर सचिव

परिवहन और विमानन मंत्रालय
(विमानन तथा पर्यटन विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 16 दिसम्बर 1966

सं० प्रशासन 1 (25) 66—राष्ट्रपति, विमानन तथा पर्यटन विभाग में केन्द्रीय सचिवालय सेवा के स्थायी अनुभाग अधिकारी और इसी सेवा के ग्रेड 1 में स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहे, श्री ए० आर० गोयल को विमानन तथा पर्यटन विभाग में अवर सचिव के रूप में नियुक्ति 1 नवम्बर 1966 के पूर्वाह्न से 28 नवम्बर 1966 तक जारी रख रहे हैं ।

2. अवर सचिव के पद का कार्यभार छोड़ने पर श्री ए० आर० गोयल ने 29 नवम्बर 1966 से अनुभाग अधिकारी के पद का कार्यभार संभाल लिया ।

सं० प्रशासन 1 (66) 66—राष्ट्रपति ने शिक्षा मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी और इसी सेवा के ग्रेड-I में स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहे, श्री जी० सुब्रमणि को 14 नवम्बर 1966 के पूर्वाह्न से और अगले आदेशों तक, नागर विमानन के महानिदेशक के कार्यालय, नई दिल्ली में सहायक निदेशक (प्रशासन) नियुक्त किया है ।

पी० प्रसाद, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 23 दिसम्बर 1966

सं० प्रशासन 1 (72)/66—रक्षा-लेखा के महानियंत्रक के कार्यालय में सहायक महानियंत्रक, रक्षा लेखा के रूप में कार्य कर रहे श्री पी० प्रसाद, आई० डी० ए० एस० ने 12 दिसम्बर 1966 के पूर्वाह्न से परिवहन तथा विमानन मंत्रालय (विमानन व पर्यटन विभाग) में अवर-सचिव के पद का कार्यभार संभाल लिया ।

जी० एस० दुआ, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 27 दिसम्बर 1966

सं० 1-बी० ई० (28)/66-भाग-1—राष्ट्रपति ने, रेडियो निर्माण और विकास यूनिट, नई दिल्ली, के नियंत्रक, डा० सरोजदत्त को 14 दिसम्बर, 1966, (अपराह्न) से, और आगामी आदेशों तक, नागर विमानन के महानिदेशक के कार्यालय, नई दिल्ली में स्थानापन्न रूप से संचार निदेशक नियुक्त किया है ।

सं०-7-बी०ई० (46)/66—राष्ट्रपति ने, वैमानिक संचार स्टेशन, नागपुर, में सहायक तकनीकी अधिकारी, श्री के० पी० बी० नायर, को श्री एस० रामास्वामी के स्थान पर, जिन्हें छुट्टी प्रदान की गई है, उसी स्टेशन पर, 14 नवम्बर, 1966 से, और अग्रिम आदेशों तक, स्थानापन्न रूप से तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया है ।

सुरेन्द्र नाथ कौल, अवर सचिव

परिवहन तथा नौवहन विभाग
(परिवहन पक्ष)

पत्तन

नई दिल्ली, दिनांक 24 दिसम्बर 1966

सं० 16-पी० ई० (3) 66—श्रम अधिकारियों के केन्द्रीय निकाय के अधिकारी और मुख्य श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) के कार्यालय, नई दिल्ली में कार्यरत, श्री एस० के० दास, श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने 10 नवम्बर 1966 के पूर्वाह्न से पारादीप पत्तन में श्रम अधिकारी के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया ।

सं० 16 पी० ई० (58)/66—राष्ट्रपति ने श्री गोपीनाथदास, कार्यकारी इंजीनियर, उड़ीसा सरकार, को 1 अक्तूबर 1966 के पूर्वाह्न से तथा अगला आदेश न होने तक पारादीप पत्तन में प्रतिनियुक्ति पर कार्यकारी इंजीनियर (असैनिक) नियुक्त किया है ।

दिनांक 27 दिसम्बर 1966

सं० पी० ई० (17)/66—राष्ट्रपति ने श्री ए० ई० जुले को लघु पत्तन निकरण और सर्वेक्षण संगठन, बंबई के सर्वेक्षण पक्ष में, 12 दिसम्बर 1966 (पूर्वाह्न) से तथा अगला आदेश न होने तक अस्थायी तौर पर ट्रग मास्टर, एम० ओ० टी० ट्रग-1 नियुक्त किया है ।

प्यारे लाल गुप्त, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 27 दिसम्बर 1966

सं० 8-एम० ए० (1)/65—कप्तान जे० के० बोस, जो सर्वेक्षण, जल परिवहन विभाग, कलकत्ता को कोलंबो योजना की तकनीकी सहायता स्कीम के अन्तर्गत प्रशिक्षण के लिये युगाइटेड किंगडम में 2 नवम्बर, 1966 के अपराह्न से तथा अगला आदेश न होने तक प्रतिनियुक्ति पर रखा गया है ।

डी० एस० निमि, उप-सचिव

रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, दिनांक 26 दिसम्बर 1966

सं० 66 एस० डी०/सी० पी० 7—पंजाब सरकार से स्थानांतरण पर, श्री देवदत्त, स्थानापन्न डिप्टी सुपरिन्टेन्डेन्ट पुलिस, को 20 अक्तूबर 1966 से रेलवे सुरक्षा दल में स्थानापन्न सहायक कमाण्डेंट नियुक्त किया गया ।

दिनांक 27 दिसम्बर 1966

सं० ई० (ओ०) 1-66 पी० एम० 6/183—पूर्व रेलवे के जिला यांत्रिक इंजीनियर (मेरीन), श्री डी० के० मित्तल, को 2 अक्तूबर 1966 से, उसी रेलवे पर स्थानापन्न उपमुख्य यांत्रिक इंजीनियर (मेरीन) के रूप में नियुक्त किया गया ।

दिनांक 29 दिसम्बर 1966

सं० ई० 66 पी० एम० 2/9 आर० बी० 1—श्री क्यू० ई० एस० अल्फ्रेड, सहायक को 19 दिसम्बर, 1966 के पूर्वाह्न से स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी के रूप में पदोन्नत किया गया ।

सं० ई० 66 पी० ओ० 8/28/आर० बी० 1—श्री आर० पी० भाल्ली, परिवहन निरीक्षक को 2-12-1966 से अस्थायी रूप से स्थानापन्न विशेष कार्याधिकारी (योजना), रेलवे बोर्ड के रूप में नियुक्त किया गया ।

सं० 62/डब्ल्यू० 4/सी० एन० एस०/डब्ल्यू०/8 ए०—सर्वसाधारण को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) ने (1) मीरा रोड दिवा (28.6 कि० मी०) और (2) विरार-दिवा (47.5 कि० मी०) के अभिदर्शन इंजीनियरिंग एवं यातायात सर्वेक्षणों की मंजूरी दी जानी है । ये सर्वेक्षण बम्बई क्षेत्र में, पश्चिम और मध्य रेलवे के बीच, अतिरिक्त रेल लाइन की व्यवस्था करने के लिए हैं । सर्वेक्षणों का कार्य पश्चिम रेल-प्रशासन करेगा और इन्हें मीरा रोड-दिवा और विरार दिवा अभिदर्शन इंजीनियरिंग एवं यातायात सर्वेक्षण कहा जायेगा ।

पी० सी० मैथ्यू, सचिव

सिंचाई और बिजली मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 21 दिसम्बर 1966

सं० 47/66/एफ०/2166-प्रशासन-2—राष्ट्रपति, सिंचाई व बिजली मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय केडर के सहायक ग्रेड के निम्नलिखित स्थायी अधिकारियों को उसी केडर के अन्तर्गत सेवा के अनुभाग अधिकारियों के ग्रेड में अनुभाग अधिकारियों के रूप में स्थानापन्न क्षमता में उनके सामने दिखाई गई तिथियों अथवा

जब तक और आदेश नहीं दिए जाते, जो पहले हों, नियुक्त करते है :—

क्र० सं०	नाम	से	तक
	सर्वश्री		
1.	के०के० मीरचीया	24-10-66	14-11-66 (एफ०एन०)
2.	सी० आर० ठाकुर	14-11-66	30-11-66
3.	आर० पी० चोपड़ा	22-10-66	19-11-66
		21-11-66	20-1-67
4.	ए० बी० सिन्हा	26-11-66	25-1-67

दिनांक 21 दिसम्बर 1966

सं० 49/66-2(9)/66-प्रशासन-2 :—राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा केडर के स्थाई ग्रेड 2 के अधिकारी श्री सिरीराम खिथा को केन्द्रीय जल तथा विद्युत् आयोग (जल स्कंध) में केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी के ग्रेड में, इस मंत्रालय के केडर में अनुभाग अधिकारी के रूप में, स्थानापन्न क्षमता में, जब तक और आदेश नहीं दिए जाते, दिनांक 14 दिसम्बर 1966 के पूर्वाह्न से नियुक्त करते हैं।

जी० एस० बख्शी, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 29 दिसम्बर 1966

सं० 162/66-एफ० 1/85/66-प्रशासन-1—राष्ट्रपति केन्द्रीय जल तथा विद्युत् आयोग (बिजली स्कंध) में सहायक निदेशक/सहायक कार्यकारी इंजीनियर श्री अरुन कुमार सिंगल का सेवा से त्याग पत्र 30/11/1966 के अपराह्न से स्वीकार करते है।

सं० 199/66-एफ० 1/1/65-प्रशासन-1—राष्ट्रपति केन्द्रीय जल तथा विद्युत् आयोग (बिजली स्कंध) में श्री रणबीर कुमार गुजराल को केन्द्रीय बिजली इंजीनियरी सेवा (श्रेणी-1) में सहायक निदेशक/सहायक कार्यकारी इंजीनियर के ग्रेड में, स्थानापन्न क्षमता में, 6 दिसम्बर, 1966 के पूर्वाह्न से, जब तक और आदेश नही दिये जाते, नियुक्त करते हैं।

पी० एल० गुप्ता, अवर सचिव

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली-1, दिनांक 22 दिसम्बर 1966

सं० 1/16/66-एस्ट०/यू० एस० (पी०)—राष्ट्रपति ने सर्वश्री एम० एस० सामंत और बी० एन० चक्कड़ को 5 दिसम्बर 1966 से विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय म प्रदर्शनी अधिकारी के ग्रड में स्थायी रूप से नियुक्त किया है।

एस० पदमनाभन, अवर सचिव

नई दिल्ली-1, दिनांक 23 दिसम्बर 1966

सं० 2/65/65-स्कार—विदेश में प्रशिक्षणार्थ प्रतिनियुक्ति होने पर, योजना और विकास यूनिट, आकाशवाणी महानिदेशालय, नई दिल्ली के सहायक योजना अधिकारी श्री पी० एस० धगत ने 19 नवम्बर 1966 के अपराह्न को अपने पद का कार्यभार छोड़ दिया।

दिनांक 24 दिसम्बर 1966

सं० 22(7)/63-बी० (ए०)—अधिवार्षिकी प्राप्ति पर योजना और विकास यूनिट, आकाशवाणी महानिदेशालय, नई दिल्ली के उप योजना अधिकारी श्री एस० आर० विश्वास, 29 नवम्बर, 1966 से सेवा-निवृत हो गए।

दिनांक 26 दिसम्बर 1966

सं० 5/13/66-बी० (ए०)—राष्ट्रपति ने आकाशवाणी महानिदेशालय के प्रोग्राम सहायक-निदेशक श्री एस० शंकर को, 15 नवम्बर 1966 से आकाशवाणी के केन्द्र निदेशक संवर्ग में स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया है और उन्हें उसी तारीख से अगले आदेश तक, रेडियो कश्मीर, जम्मू का केन्द्र निदेशक नैनात कर दिया है।

जगमन्दर दास जैन, अवर सचिव

नई दिल्ली-1, दिनांक 28 दिसम्बर 196.

सं० पी० एफ०/56/सी० आई० एस०—राष्ट्रपति ने केन्द्रीय सूचना सेवा के प्रथम ग्रेड के स्थायी अधिकारी श्री अशोक जी को 1 दिसम्बर, 1966 से अगले आदेश तक, उक्त सेवा के जूनियर प्रशासनिक ग्रेड (जूनियर स्केल) में स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया है।

